मध्यप्रदेश शासन
गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक: 4076/3169/2014/दो-ए(3) भोपाल, दिनांक 15 .07.2015

प्रति,

(अ) समस्त प्रथम अपीलीय अधिकारी (संभागायुक्त)
(ब) समस्त पदाभिहित अधिकारी (जिला दण्डाधिकारी)
(स) समस्त पुलिस अधीक्षक एवं डी0आई0जी, इंदौर/भोपाल शहर
मध्यप्रदेश ।

विषय- अनुप्रमाणित शपथ-पत्र के स्थान पर स्व-प्रमाणित घोषणा पत्र (SELF-DECLARATION) के आधार पर सेवाओं को प्रदान करने के संबंध में।

---000---

म0प्र0 लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत शस्त्र लाससेंस से संबंधित विभाग की अधिसूचित सेवाएं, सेवा क्रमांक 11.3- लायसेंस अवधि समाप्त होने के पूर्व अवर्जित बोर के शस्त्र लायसेंस का नवीनीकरण एंव 11.4- लायसेंस अवधि समाप्त होने के पश्चात अवर्जित बोर के शस्त्र लायसेंस का नवीनीकरण के संबंध में जारी की गयी विभागीय निर्देश क्रमांक एफ 12-74/2013/बी-1/दो, दिनांक 05.02.2015 में निम्नानुसार **संशोधन किये जाते हैं-**

1- निर्देश की कण्डिका-05 की उप कण्डिका 5.1 में वर्णित उक्त निर्देश-**"शस्त्र लायसेंसधारी का निर्धारित प्रारूप मे शपथ पत्र"** को विलोपित किया जाता है। अब शस्त्र लायसेंसधारी द्वारा निर्धारित संलग्न प्रारूप मे स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत किया जा सकेगा, जिसे उक्त प्रयोजन हेतु मान्य किया जायेगा।

2- संलग्न दस्तावेजों की चेक लिस्ट के बिंदु क्र01 से **शपथ पत्र** को विलोपित कर **स्व-घोषणा पत्र** लेख किया जाता है।

3- मार्गदर्शिका के कंण्डिका-02 की उप कण्डिका 2.1 भी उपरोक्त कंण्डिका-01 अनुसार परिवर्तित किया जाता है।

संलग्न- स्व-घोषणा पत्र का प्रारूप।

13-7-15

(लक्ष्मीकान्त द्विवेदी)
उप सचिव
म0प्र0 शासन, गृह विभाग

निरंतर.....2

क्रमांक:4077 /3169/2014/दो-ए(3) भोपाल, दिनांक 15 .07.2015

प्रतिलिपि-

1- मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2- मुख्य सचिव के प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
3- संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, भोपाल।
4- पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, म0प्र0 भोपाल।
5- सचिव, मध्य प्रदेश शासन, लोक सेवा प्रबंधन विभाग, भोपाल।
6- सचिव, मध्य प्रदेश शासन, गृह विभाग एवं द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी।
7- पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख बयूरो, पु0मु0 भोपाल।
8- कार्यपालन संचालक, राज्य लोक सेवा अभिकरण, सुशासन भवन परिसर, भदभदा रोड भोपाल।

13-7-15

उप सचिव
म0प्र0 शासन, गृह विभाग

शस्त्र लायसेंस नवीनीकरण के आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जाने वाला **स्व–घोषणा पत्र**

नाम– उम्र–

पिता/पति का नाम–

व्यवसाय– पूर्ण वर्तमान पता(स्पष्ट) ....

....

मैं शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूं कि :–

1– यह है कि मैं उक्त पते पर वर्तमान में माह .... वर्ष .... से निवासरत हूं।

2– यह है कि मेरे द्वारा शस्त्र लायसेंस कमांक ...., दिनांक .... के नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है उसमें उल्लेखित प्रत्येक कंडिका में बिन्दुवार सही जानकारी लेख की है। आवेदन संलग्न दस्तावेज वास्तविक/सही है।

3– यह है कि मेरे शस्त्र लायसेंस में, लायसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा अधिरोपित समस्त शर्तों का मेरे द्वारा निरंतर पालन किया गया है।

4– यह है कि वर्तमान में मेरे विरूद्ध किसी थाने एवं न्यायालय में कोई भी आपराधिक प्रकरण लंबित/विचाराधीन नहीं है तथा मुझे किसी न्यायालय द्वारा अपराधिक/सिविल प्रकरण में दण्डित नहीं किया गया है।

5– यह कि वर्तमान में बिजली का बिल एवं जल कर भुगतान का कोई शेष नहीं है। साथ ही आवेदक के विरूद्ध वन अपराध/खनिज अपराध का कोई प्रकरण पंजीबद्ध नहीं है। आवेदक को किसी भी बैंक द्वारा डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया है।

6– पूर्व नवीनीकरण आदेश दिनांक से, नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत आवेदन दिनांक की अवधि में मेरे विरूद्ध पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरण का विवरण अनुसार थाना .... अपराध कमांक .... धारा ....न्यायालय में प्रस्तुत दिनांक .... प्रकरण क. .... तथा अपराधिक प्रकरण में सिद्धदोष ठहराने के आदेश दिनांक .... के विरूद्ध की गई अपील का ब्यौरा व वर्तमान प्रास्थिति ....है।

घोषणाकर्ता के हस्ताक्षर

सत्यापन लेख

मैं घोषणाकर्ता शपथपूर्वक कथन करता/करती हूं कि कंडिका 1 से 6 की जानकारी मेरे प्रतिज्ञान में सत्य एवं सही है तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। मुझे यह संज्ञान है कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने पर मेरे विरूद्ध आपराधिक/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है। साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभों को भी वापस किया जावेगा।

घोषणाकर्ता के हस्ताक्षर

स्थान–

दिनांक–